-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 19.03.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **आगामी त्यौहारों नवरात्रि, ईद-उल-फितर आदि को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने तथा आमजनमानस में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने हेतु श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा, जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा भारी पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र में किया गया रुट मार्च ।**
- **रुट मार्च के दौरान बालिकाओं/महिलाओं से बातचीत कर उनकी सुरक्षा के उपायों के बारे में दी गई जानकारी ।**

विवरण- आगामी त्यौहारों नवरात्रि, ईद-उल-फितर आदि को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने तथा आमजनमानस में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने हेतु आज दिनांक 19.03.2026 को श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस., जिलाधिकारी बांदा श्रीमति जे. रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा शहर क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ रुट मार्च किया गया । अलीगंज , बाबूलाल चौराहा, मुख्य बाजार, शंकर गुरु चौराहा, महेश्वरी देवी मन्दिर व रेलवे स्टेशन सहित मिश्रित आबादी वाले व भीड-भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त करते हुए लोगों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ किया गया । रूट मार्च के दौरान मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिकाओं/महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा के उपायों एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई । अधिकारियों ने दुकानदारों, व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से भी वार्ता कर शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की । साथ ही त्यौहारों के अवसर पर भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा पुलिस प्रशासन को सहयोग प्रदान करने हेतु कहा गया । इसके अतिरिक्त, त्योहारों के दृष्टिगत पैदल गश्त के साथ-साथ रामनवमी तक प्रतिदिन प्रातःकाल पोस्टर/पार्टी चेकिंग अभियान चलाया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा सुश्री मेविस टॉक सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा ।